# मटकी फोड़ प्रतियोगिता में उमड़ा उत्साह



**नई दुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** गोविंदा आला रे आला... जरा मटकी संभाल बृजवाला... जैसे गीतों की गूंज, आतिशबाजी और उत्साह से शनिवार रात अवधपुरी चौराहा गूंज उठा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में भोजपाल महोत्सव मटकी फोड़ समिति की ओर से हेलीपैड मैदान, जंबूरी मैदान, अवधपुरी-बीएचईएल में प्रदेश की सबसे बड़ी 2.51 लाख रुपए की इनामी मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आई 6 गोविंदा टोलियों ने हिस्सा लिया।

करीब 50 फीट की ऊंचाई पर बांधी गई मटकी को फोडने के लिए गोविंदाओं की टोलियों ने जोर आजमाइश की। कई प्रयासों के बाद रात 3 बजे एकता स्पोर्ट्स क्लब छिंदवाड़ा की टीम ने मटकी फोडकर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया और 2.51 लाख रुपए की इनामी राशि जीती। सांसद आलोक शर्मा ने टीम को ट्रॉफी और ईनामी राशि का चैक देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अध्यक्ष सुनील यादव, संयोजक विकास वीरानी सहित आयोजन समिति के सदस्य मौजूद रहे।

प्रतियोगिता के दौरान इंडियन आइडल-11 के विजेता सनी हिन्दुस्तानी की विशेष प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। उन्होंने गोविंदा आला रे आला, जरा मटकी संभाल बृजवाला सहित कृष्ण भक्ति और उत्सव से जुड़े गीतों की प्रस्तुति देकर गोविंदा टोलियों और दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उनकी प्रस्तुति के दौरान पूरा आयोजन स्थल तालियों और जयकारों से गूंजता रहा। शाम करीब 7.30 बजे शुरू हुए आयोजन में एक के बाद एक गोविंदा टोलियों ने मटकी फोडने का प्रयास किया। ऊंचाई पर बंधी मटकी तक पहुंचने के लिए टीमों ने मानव पिरामिड बनाए। हर प्रयास के साथ दर्शकों का उत्साह बढ़ता गया।

आयोजन स्थल पर आकर्षक विद्युत सज्जा की गई थी। प्रतियोगिता के दौरान भव्य आतिशबाजी ने भी दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। विभिन्न जिलों से पहुंची टीमों के प्रदर्शन ने कार्यक्रम को खास बना दिया।

## 50 दिन में फिर तबादले से आईएएस नेहा मारव्या निराश

**नई दुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** वर्ष 2011 बैच की आईएएस अधिकारी नेहा मारव्या सिंह का 50 दिनों के भीतर एक बार फिर तबादला होने के बाद उन्होंने आईएएस अधिकारियों के समूह में अपनी पीड़ा साझा की है। पांच सितंबर को जारी स्थानांतरण सूची में नाम आने के बाद उन्होंने लिखा कि पिछले एक वर्ष में यह चौथी बार है, जब उनका नाम तबादला सूची में शामिल हुआ है। लगातार हो रहे स्थानांतरण से उन्होंने खुद को हतोत्साहित महसूस करने की बात कही है।

नेहा मारव्या ने अपने संदेश में आरोप लगाया कि उनके अधीनस्थ नहीं, बल्कि विभाग के अंतर्गत आने वाले कुछ कर्मचारियों ने उनके खिलाफ विद्रोह जैसी स्थिति पैदा की। उन्होंने मेज थपथपाने, तबादला कराने की धमकी देने, अनुशासनहीनता करने और फाइलें रोकने जैसे मामलों की शिकायत किए जाने का उल्लेख किया। उनका कहना है कि शिकायतों पर कार्रवाई होने के बजाय उनका ही स्थानांतरण कर दिया गया।

# माखन चोर की मनमोहक झांकी ने मोहा मन, महाआरती में उमड़े श्रद्धालु




**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** नवयुवक सभा की शिक्षण संस्थाओं ने संयुक्त रूप से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण की माखन चोर स्वरूप की आकर्षक झांकी सजाई गई, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। रंगोली की सुंदर सजावट भी उत्सव का विशेष आकर्षण रही।

जन्माष्टमी के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना के बाद विधि-विधान से झांकी का अनावरण किया गया। आयोजन के दौरान 51 महाआरती भी संपन्न हुई। रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के अवसर पर विशेष महाआरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर भगवान के दर्शन किए और जन्मोत्सव की खुशियां मनाईं। नवयुवक सभा में यह झांकी दो दिन तक श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रही। अगले दिन 5 सितंबर को शाम 7 बजे से रात 11 बजे तक झांकी को आम दर्शनार्थियों के लिए खोला गया। भगवान श्रीकृष्ण के माखन चोर स्वरूप और रंगोली की कलात्मक सजावट को देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही।

झांकी के उद्घाटन अवसर पर नवयुवक सभा प्रबंध समिति के सदस्य, नगर के गणमान्य नागरिक और विधायक रामेश्वर शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधु चांदवानी, कन्हैयालाल इसरानी, रमेश हिंगोरानी, आयलदास साधवानी, नवयुवक सभा के अध्यक्ष वासुदेव वाधवानी, सचिव सुरेश राजपाल, सहसचिव दिनेश वाधवानी और अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। विद्यालय एवं महाविद्यालय परिवार के सदस्यों ने भी आयोजन में सहभागिता की।

## एमसीयू में राजा बाबू सिंह की मास्टर क्लास आज

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) में वीरता पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ आइपीएस अधिकारी और रेलवे पुलिस के एडीजी राजा बाबू सिंह की मास्टर क्लास 7 सितंबर को शाम 3.30 बजे गणेशशंकर विद्यार्थी सभागृह में होगी।



वे अपने नवाचारों के लिए चर्चित 'ऑपरेशन हमदर्द' के बारे में विद्यार्थियों से चर्चा करेंगे। मीडिया हेड डॉ. पवित्र श्रीवास्तव ने बताया कि बीते सत्र की तरह इस बार भी मीडिया से बाहर के जरूरी विषयों पर जानकारी और जागरूकता के लिए मास्टर क्लास की श्रृंखला जारी रहेगी। राजा बाबू सिंह अपने पुलिस कॅरिअर में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से लेकर आतंक प्रभावित कश्मीर तक सेवाएं दे चुके हैं। श्रीमद्भागवद्गीता और पर्यावरण संरक्षण उनके प्रिय विषय हैं।

# लाइफ लाइन स्कूल में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित




**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** विजय श्री एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित लाइफ लाइन स्कूल में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूज्य सिंधी पंचायत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश रीझवानी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

समारोह का शुभारंभ पारंपरिक विधि से किया गया। अतिथि का स्वागत किरण वाधवानी ने तुलसी का पौधा और शॉल भेंट कर किया। इस अवसर पर शिक्षक दिवस के महत्व और शिक्षकों की समाज निर्माण में भूमिका पर विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम में भारत के पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा के समक्ष केक काटकर उनका स्मरण किया गया। मुख्य अतिथि ओमप्रकाश रीझवानी ने विद्यालय की शिक्षिकाओं को शील्ड प्रदान कर उनके योगदान का सम्मान किया। सम्मानित होने वालों में माधुरी पंजवानी, भावना चंदनानी, छाया मालवीय, शिरीन, नैना वाधवानी, मंजू वासवानी, भूमिका मेहरचंदानी, पूजा पर्याणी, हीना चौथानी, प्रियांशी नंदवानी, निशिका नेभवाणी, प्रियंका प्रजापति, हेमलता मतानी और दीपा पांडे शामिल रहीं। समारोह में शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का भाव दिखाई दिया। विद्यालय परिवार ने कहा कि शिक्षक बच्चों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनका योगदान समाज के लिए अमूल्य है।

## जस्टिस कोगजे बने मप्र हाईकोर्ट के 30वें मुख्य न्यायाधीश

### राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद केंद्र ने जारी की नियुक्ति अधिसूचना, अगले सप्ताह शपथ की संभावना

**नई दुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** गुजरात हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट का 30वां मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद केंद्र सरकार ने शनिवार रात उनकी नियुक्ति की अधिसूचना जारी कर दी। जस्टिस कोगजे अगले सप्ताह भोपाल स्थित राजभवन में राज्यपाल के समक्ष पद एवं गोपनीयता की शपथ ले सकते हैं। जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे वर्तमान में गुजरात हाईकोर्ट में न्यायाधीश के रूप में कार्यरत हैं। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 31 अगस्त को हुई बैठक में उनके नाम की मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पद के लिए सिफारिश की थी। इसके बाद राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलने पर नियुक्ति की औपचारिक प्रक्रिया पूरी की गई। केंद्र सरकार ने देश के आठ हाईकोर्ट में नए मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति से संबंधित अधिसूचना भी जारी की है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सामाजिक माध्यम के जरिए इन नियुक्तियों की जानकारी साझा की। जस्टिस कोगजे की नियुक्ति के साथ मध्यप्रदेश हाईकोर्ट को नया मुख्य न्यायाधीश मिल गया है।

# शिक्षक दिवस पर 101 गुरुजनों का सम्मान मिट्टी के गणेश प्रतिमाएं कीं भेंट



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** । शिक्षक दिवस के अवसर पर सिंधु सेना भोपाल ने सिंधी कम्युनिटी हॉल में 101 गुरुजनों का सम्मान समारोह आयोजित किया। इस दौरान शिक्षकों को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सभी गुरुजनों को मिट्टी से निर्मित भगवान गणेश की प्रतिमाएं भी भेंट की गईं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद आलोक शर्मा ने शिक्षकों का सम्मान करते हुए कहा कि गुरु जीवन को सही दिशा देने वाले मार्गदर्शक होते हैं। माता-पिता के बाद शिक्षक ही व्यक्ति के ज्ञान, संस्कार और चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समाज और राष्ट्र के निर्माण में गुरुजनों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि गणेश उत्सव में प्लास्टर ऑफ पेरिस की प्रतिमाओं के बजाय मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमाओं की स्थापना को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों को भी पर्यावरण-अनुकूल गणेश उत्सव के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

सिंधु सेना भोपाल के अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने कहा कि गुरु केवल शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि बच्चों के जीवन में संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति के बीज भी बोते हैं। शिक्षक दिवस पर 101 गुरुजनों का सम्मान करना संस्था के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को पुष्पांजलि अर्पित कर उनका स्मरण किया गया। इस अवसर पर देवेंद्र भार्गव, महेश मकवाना, राजा शर्मा, भगवानदास धालिया, अतुल घेंघट, लक्ष्मी महाजन, दीपक खेमानी, जीतू रतनानी, दीपक रजानी, राज मकोरिया और सिद्धार्थ जैन सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता, गुरुजन और समाजजन उपस्थित रहे।

## 14 करोड़ की ठगी का आरोपी बैतूल से गिरफ्तार

**नई दुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** अहमदाबाद की वासणा पुलिस ने करीब 14.5 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में गुजरात के नीलेश धीरूभाई पटेल को मध्यप्रदेश के बैतूल से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपित पिछले सात वर्षों से फरार था और पहचान छिपाने के लिए हुलिया बदलकर बैतूल में रह रहा था। पुलिस के मुताबिक नीलेश खुद को शेयर बाजार सलाहकार बताकर लोगों को प्रभावित करता था। वह लग्जरी कार, महंगे मोबाइल फोन और अन्य उपकरणों का उपयोग कर अपना रुतबा दिखाता था। उस पर फर्जी संपत्ति ऋण, निवेश और शेल कंपनियों के माध्यम से करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है। वासणा पुलिस ने 'ऑपरेशन हॉक आई' के तहत करीब 10 महीने तक तकनीकी और मानवीय निगरानी के बाद उसे गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में उसके सहयोगी दीपक आहूजा उर्फ दीपू टैंक को भी पकड़ा गया है। पुलिस ने दोनों आरोपितों से कार, लैपटाप और मोबाइल सहित करीब 35 लाख रुपये की संपत्ति बरामद करने का दावा किया है। जांच में 65 बैंक खातों और 19 से 20 शेल कंपनियों के नेटवर्क की जानकारी सामने आई है।


## कार्यालय भू अर्जन अधिकारी बेगमगंज जिला रायसेन

दिनांक 25.08.2026

**// सार्वजनिक सूचना //**

प्रकरण क्रमांक 0002/अ-82/202-26-चूंकि राज्य शासन को प्रतीत होता है कि निम्न अनुसूची में खाने (1) से (6) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (8) में उनके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पडने की संभावना है। उक्त प्रयोजन हेतु प्रकरण में मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग मंत्रालय भोपाल के परिपत्र क्रमांक एफ 12-2/2014/सात/शा 2 ए भोपाल दिनांक 12 नबम्बर 2014 के द्वारा प्रतिपादित आपसी सहमति से भूमि क्रय की नीति के तहत कार्यवाही प्रचलित है। अतएव निम्न दर्शित भूमि धारकों से परियोजना के लिये राज्य सरकार से संबधित विभाग / उपक्रम में पक्ष में क्रय किये जाने पर विचार किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति की भूमि के स्वत्व के विषय में कोई आपत्ति हो तो वह नियत अवधि (सार्वजनिक सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर) में आधार सहित प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधिं के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेंगा।

**// अनुसूची //**

**भूमि का वर्णन**

**ग्राम का नाम :- टेकापार खुर्द**

| स. क्रं. | कास्तकार का नाम | अर्जित किये जाने वाले खसरा क्रमांक | कुल रकवा हेक्टे. में | अर्जित रकबा हेक्टे. में | प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 1 | कोशल्याबाई पुत्री हरिनारायण, बलवीर, गजराज उर्फ गजरी, मानसिंह पुत्र हरिनारायण | 456/1/1 (S) | 5.301 | 0.170 | कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग रायसेन | टेकापार खुर्द लघु सिंचाई परियोजना |
| | **योग** | **कुल 01 किता** | **5.301** | **0.170** | | |
| 2 | कौशल्या बाई पत्नी कुंवर सिंह | 445/1/5 (S) | 0.124 | 0.032 | | |
| | **योग** | **कुल 01 किता** | **0.124** | **0.032** | | |
| 3 | श्रीलाल पुत्र परसादी, शीलाबाई पुत्री परसादी | 419/1/2 (S) | 2.023 | 0.060 | | |
| | **योग** | **कुल 01 किता** | **2.023** | **0.060** | | |
| 4 | महेश पुत्र शिवराज, जाति यादव नि. | 427/1 (S) | 0.145 | 0.032 | | |
| | **योग** | **कुल 01 किता** | **0.145** | **0.032** | | |
| 5 | सुगरलाल पुत्र रूपसिंह जाति यादव | 534/431 (S) | 0.202 | 0.032 | | |
| | **योग** | **कुल 01 किता** | **0.202** | **0.032** | | |
| 6 | वीरेन्द्र कुमार पिता द्वारका प्रसाद | 431 (S) में से | 0.522 | 0.032 | | |
| | **योग** | **कुल 01 किता** | **0.522** | **0.032** | | |
| 7 | हजरतसिंह पुत्र अर्जुनसिंह जाति यादव | 435 (S) में से | 1.668 | 0.126 | | |
| | **योग** | **कुल 01 किता** | **1.668** | **0.126** | | |
| 8 | नरेंद्र पुत्र गंभीरसिंह जाति अहीर नि. | 145/1/2 (S) | 1.281 | 0.100 | | |
| | **योग** | **कुल 01 किता** | **1.281** | **0.100** | | |
| 9 | रामसिंह पिता रूपसिंह जाति यादव | 136/1 (S) | 1.668 | 0.135 | | |
| | **योग** | **कुल 01 किता** | 1.668 | 0.135 | | |
| 10 | खेमराज पिता द्वारका प्रसाद जाति यादव | 131 (S) में से | 0.380 | 0.028 | | |
| | | 134 (S) में से | 1.189 | 0.060 | | |
| | | 132/2 (S) | 0.120 | 0.010 | | |
| | **योग** | **कुल 03 किता** | **1.689** | **0.098** | | |
| 11 | देवराज पुत्र घूमनसिंह जाति गौड़ नि. | 124/1/1 (S) | 0.911 | 0.072 | | |
| | **योग** | **कुल 01 किता** | **0.911** | **0.072** | | |
| 12 | ऋषिराज पुत्र घूमनसिंह जाति गौड़ | 124/1/2 (S) | 0.916 | 0.066 | | |
| | **योग** | **कुल 01 किता** | **0.916** | **0.066** | | |
| 13 | बाबू, द्रोपती पुत्र रतनसिंह, राधाबाई बेवा रतनसिंह जाति गौड़ | 124/2 (S) | 1.829 | 0.144 | | |
| | **योग** | **कुल 01 किता** | **1.829** | **0.144** | | |
| 14 | हेमकुमारी पुत्री मेहताब सिंह | 93 (S) में से | 1.594 | 0.032 | | |
| | **योग** | **कुल 01 किता** | **1.594** | **0.032** | | |
| 15 | रतनसिंह पिता हजरतसिंह | 123/1 (S) | 1.769 | 0.043 | | |
| | **योग** | **कुल 01 किता** | **1.769** | **0.043** | | |
| 16 | दरयाव सिंह पुत्र राजाराम जाति यादव | 98/4 (S) | 0.160 | 0.030 | | |
| | | 98/3/3 (S) | 0.097 | 0.015 | | |
| | **योग** | **कुल 02 किता** | **0.257** | **0.045** | | |
| 17 | जसरथ सिंह पुत्र राजाराम जाति यादव | 98/3/1 (S) | 0.097 | 0.032 | | |
| | **योग** | **कुल 01 किता** | **0.097** | **0.032** | | |
| 18 | नन्हे भाई पुत्र राजाराम जाति यादव | 98/3/2 (S) | 0.097 | 0.032 | | |
| | **योग** | **कुल 01 किता** | **0.097** | **0.032** | | |
| 19 | लाखन सिंह पुत्र राजाराम जाति यादव | 98/3/4 (S) | 0.097 | 0.032 | | |
| | **योग** | **कुल 01 किता** | **0.097** | **0.032** | | |
| 20 | अजब सिंह पुत्र राजाराम जाति यादव | 98/3/5 (S) | 0.098 | 0.032 | | |
| | **योग** | **कुल 01 किता** | **0.098** | **0.032** | | |
| 21 | प्रवेशबाई पत्नी गुलाब सिंह, कौशल्या बाई पत्नी कुंवर सिंह, जाति यादव | 443/1/1 (S) | 1.899 | 0.032 | | |
| | **योग** | **कुल 01 किता** | **1.899** | **0.032** | | |
| 22 | रामेति पत्नी हेमराज, जाति यादव | 443/1/3 (S) | 0.947 | 0.145 | | |
| | **योग** | **कुल 01 किता** | **0.947** | **0.145** | | |
| | **ग्राम टेकापार खुर्द कुल योग** | | **25.134** | **1.524** | | |

जी-18255/26

**सक्षम प्राधिकारी (भू अर्जन)**
**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**अनुविभाग बेगमगंज जिला -रायसेन**


# पोस्टर प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिया नेत्रदान का संदेश




**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** मिठी पब्लिक स्कूल में सेवा सदन आई हॉस्पिटल के सहयोग से विद्यार्थियों के लिए नेत्रदान विषय पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 23 रचनात्मक प्रविष्टियां प्रस्तुत कीं और अपने चित्रों के माध्यम से नेत्रदान के महत्व का संदेश दिया।

विद्यार्थियों ने पोस्टरों के जरिए मानवता और जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन में दृष्टि का उजाला लाने की भावना को प्रभावशाली ढंग से उकेरा। प्रतियोगिता के दौरान सेवा सदन आई हॉस्पिटल की डॉ. माया ज्ञानचंदानी और डॉ. शुभा राय उपस्थित रहीं।

विशेषज्ञ चिकित्सकों ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विद्यार्थियों को नेत्रदान की उपयोगिता और इसके सामाजिक महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नेत्रदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन में रोशनी लाने का महत्वपूर्ण माध्यम बन सकता है। चिकित्सकों ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें इस विषय पर समाज में जागरूकता फैलाने के लिए भी प्रेरित किया।

प्रतियोगिता में विनय विश्वकर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रियांशु मेहेर दूसरे और दानिश दादलानी तीसरे स्थान पर रहे। सभी प्रतिभागियों को उत्साहवर्धन के लिए प्रमाण-पत्र और प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन पिंकी दादलानी ने किया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।